**विधान परिषद् के द्‌वितीय सत्र, 2022 के प्रथम गुरूवार के लिये निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य विधान परिषद् द्‌वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-6 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 6 (क) क्या महिला कल्याण मंत्री बतायेंगे कि लखनऊ मण्डल में कुल कितने नारी शिक्षा निकेतन संचालित है तथा उनमें कितनी संवासिनियों को रखने की क्षमता है ? | महिला कल्याण विभाग के अन्तर्गत कोई भी नारी शिक्षा निकेतन संचालित नहीं है, अपितु निराश्रित महिलाओं को आश्रय प्रदान करने के उद्‌देश्य से राजकीय महिला शरणालयों का संचालन महिला कल्याण विभाग द्‌वारा किया जा रहा है।<br>वर्तमान में लखनऊ मण्डल में 75 संवासिनियों की स्वीकृत क्षमता का एक राजकीय महिला शरणालय संचालित है। |
| (ख) क्या मानसिक रूप से बीमार संवासिनियों को नारी शिक्षा निकेतन में रखने एवं उपचार की समुचित व्यवस्था है ? | यघपि कि महिला कल्याण विभाग द्‌वारा नारी शिक्षा निकेतन का संचालन नहीं किया जाता है तथापि मानसिक रूप से बीमार संवासिनियों को आवासित कराये जाने हेतु जनपद-बरेली में मानसिक रूप से अविकसित महिलाओं हेतु प्रकोष्ठ संचालित है, जिसमें संवासिनियों को रखने व उनके उपचार की समुचित व्यवस्था है।<br>उक्त के अतिरिक्त जनपद-लखनऊ में 'अपना घर' स्वैच्छिक संगठन के माध्यम से 75 की क्षमता का एक अन्य गृह संचालित है, जिसमें मानसिक रूप से बीमार संवासिनियों को रखने एवं उपचार की समुचित व्यवस्था है। |
| (ग) क्या मानसिक रूप से अस्वस्थ संवासिनियों के उपचार हेतु नर्सो की तैनाती है ? | जी हॉ, महिला कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित राजकीय महिला शरणालयों में अस्वस्थ संवासिनियों के उपचार हेतु नर्सो को तैनात किया गया है। |

**बेबी रानी मौर्य**
**मंत्री**